# एक्सआईएसएस में बुक रीडिंग कार्यक्रम




रांची| एक्सआईएसएस और बेंगलुरु स्थित संस्थान ड्रीम ए ड्रीम ने मिलकर 'व्हेन वी थ्राइव, अवर वर्ल्ड थ्राइव्स' के लेखक डॉ कोनी के चुंग के साथ इंटरएक्टिव बुक रीडिंग और पैनल चर्चा का आयोजन किया। इसमें सह लेखक एवं ड्रीम ए ड्रीम के सह-संस्थापक विशाल तलरेजा ने संस्थान के 20 पूर्व छात्रों की प्रेरक कहानियों और उनकी यात्रा पर प्रकाश डाला। डॉ जोसफ मरियानुस कुजूर एसजे मौजूद थे।

**PRESS : DAINIK BHASKAR**

# सही मार्गदर्शन से युवा अपने सपने कर सकते हैं साकार



एक्सआइएसएस मे बुक रीडिंग और पैनल चर्चा कार्यक्रम मे शामिल लोग • जागरण

जासं, रांची : जेवियर इंस्टीट्यूट आफ सोशल सर्विस और ड्रीम ए ड्रीम ने "वेन वी थ्राइव, अवर वर्ल्ड थ्राइव्स" के लेखक डा. कोनी के चुंग के साथ बुक रीडिंग और पैनल चर्चा का आयोजन गुरुवार को संस्थान सभागार में किया। पुस्तक के सह लेखक विशाल तलरेजा एवं ड्रीम ए ड्रीम के सह-संस्थापक ने ड्रीम ए ड्रीम के 20 पूर्व छात्रों की प्रेरक कहानियों और प्रतिकूल परिस्थितियों से संपन्नता तक की उनकी यात्रा पर प्रकाश डाला है। सभागार में इस पुस्तक पर बातचीत हुई। बताया कि पुस्तक यह दर्शाती है कि युवा प्रतिकूल परिस्थितियों में भी सही मार्गदर्शन से आगे बढ़ सकते हैं। अपने सपने साकार कर सकते हैं। डा. चुंग ने कहा, "इस पुस्तक के माध्यम से, मेरा उद्देश्य उन लोगों की आवाज़ को उठाना था जिन्होंने चुनौतियों पर विजय प्राप्त की है। यह पुस्तक न यह भी दिखाती है कि देखभाल करने वाले वयस्कों का उचित समर्थन कैसे युवा दिमागों को फलने-फूलने और अपने समुदायों का नेतृत्व करने में मदद कर सकता है। संस्थान के निदेशक डा. जोसेफ मारियानस कुजूर ने बताया कि "एक सक्षम वातावरण और सहायक पारिस्थितिकी तंत्र बनाने से प्रतिकूल पृष्ठभूमि से आने वाले युवाओं को आगे बढ़ने में मदद मिलती है। झारखंड में युवाओं को समर्थन देने के लिए सहयोगात्मक प्रयासों को सुव्यवस्थित करने पर नीति और अभ्यास दोनों स्तरों पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। पुस्तक युवाओं के लिए एक रोडमैप है। हमें झारखंड में फल-फूल रहे युवाओं की शक्तिशाली कहानियों की भी पहचान करनी चाहिए। यूनिसेफ की पारुल शर्मा ने कहा कि युवा के साथ जुड़ने, खुले और ईमानदार संवाद की आवश्यकता है, ताकि किशोर सीधे उन विचार-विमर्शों में भाग ले सकें जो उनके वर्तमान और भविष्य को आकार देते हैं। आयुषी सहाय ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि पुस्तक पढ़ने का प्रथम सत्र था, जिसे संयुक्त रूप से आयोजित किया गया।

**PRESS : DAINIK JAGRAN**

# झारखंड में फल-फूल रहे युवाओं की शक्तिशाली कहानियों की करनी होगी पहचान : डॉ जोसफ

- एक्सआइएसएस में व्हेन वी थ्राइव, अवर वर्ल्ड थ्राइव्स बुक रीडिंग कार्यक्रम

**लाइफ रिपोर्टर @ रांची**






जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआइएसएस), रांची और बेंगलुरु स्थित संस्थान ड्रीम ए ड्रीम के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को एक्सआइएसएस में इंट्रैक्टिव बुक रीडिंग सेशन और पैनल चर्चा का आयोजन हुआ. इसमें व्हेन वी थ्राइव, अवर वर्ल्ड थ्राइव्स बुक के लेखक डॉ कोनी के चुंग शामिल हुए.

एक्सआइएसएस के निदेशक डॉ जोसफ मारियानुस कुजूर एसजे ने बताया कि एक सक्षम वातावरण समाज के प्रतिकूल पृष्ठभूमि से आनेवाले युवाओं को आगे बढ़ने और सफल होने के लिए प्रेरित करता है. हमें झारखंड में फल-फूल रहे युवाओं की शक्तिशाली कहानियों की भी पहचान करनी चाहिए, जिससे ये कहानियां अन्य युवाओं को प्रेरित और उत्साहित कर सकें. इस पुस्तक के सह लेखक और ड्रीम ए ड्रीम के संस्थापक विशाल तलरेजा ने 20 छात्रों की प्रेरक कहानियों और प्रतिकूल परिस्थितियों से सफल होने तक की उनकी यात्रा के बारे में बताया. डॉ कोनी के चुंग ने कहा कि इस पुस्तक के माध्यम से उन लोगों की आवाज को उठाना था, जिन्होंने चुनौतियों पर विजय हासिल की है. यह पुस्तक न सिर्फ बदलाव की कहानियां बयां करती हैं, बल्कि यह भी दिखाती है कि समाज का उचित समर्थन कैसे इन युवा दिमाग को फलने-फूलने और अपने समुदायों का नेतृत्व करने में मदद कर सकता है. इस अवसर पर यूनिसेफ की शिक्षा विशेषज्ञ पारूल शर्मा, ड्रीम ए ड्रीम के एसोसिएट डायरेक्टर शारिक अहमद आदि मौजूद थे.

**PRESS : PRABHAT KABHAR**

# एक्सआईएसएस, में पुस्तक व्हेन वी थ्राइव, अवर वर्ल्ड थ्राइव्स का बुक रीडिंग कार्यक्रम आयोजित

- इस पुस्तक में है प्रतिकूल परिस्थितियों में मानवीय क्षमताओं के असली परख की कई कहानियां




**पंच संवाददाता**

**रांची।** जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस), रांची और बंगलुरु स्थित संस्थान, ड्रीम ए ड्रीम ने मिलकर व्हेन वी थ्राइव, अवर वर्ल्ड थ्राइव्स के लेखक डॉ कोनी के चुंग के साथ एक इंटरएक्टिव बुक रीडिंग और पैनल चर्चा का आयोजन किया गया। विशाल तलरेजा, जो इस पुस्तक के सह लेखक एवं ड्रीम ए ड्रीम के सह-संस्थापक भी हैं, ने ड्रीम ए ड्रीम के 20 पूर्व छात्रों की प्रेरक कहानियों और प्रतिकूल परिस्थितियों से सफल होने तक की उनकी यात्रा पर प्रकाश डाला। इंटरैक्टिव पुस्तक पढ़ने का यह कार्यक्रम, छात्रों तथा फैक्लटी सदस्यों के लिए संस्थान परिसर में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए, डॉ चुंग ने कहा, इस पुस्तक के माध्यम से, मेरा उद्देश्य उन लोगों की आवाज को उठाना था जिन्होंने चुनौतियों पर विजय प्राप्त की है । यह पुस्तक न केवल बदलाव की कहानियाँ बयाँ करती है।

**PRESS : PUNCH**

**एक्सआईएसएस में पुस्तक व्हेन वी थ्राइव अवर वर्ल्ड थ्राइव्स बुक रीडिंग कार्यक्रम**

# पुस्तक दिखाती है कि समाज का उचित नेतृत्व युवा कैसे करे : डॉ चुंग



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस) रांची और बंगलुरु स्थित संस्थान में ड्रीम ए ड्रीम ने मिलकर व्हेन वी थ्राइव, अवर वर्ल्ड थ्राइव्स के लेखक डॉ कोनी के चुंग के साथ एक इंटरएक्टिव बुक रीडिंग और पैनल चर्चा किया गया। इस पुस्तक के सह लेखक एवं ड्रीम ए ड्रीम के सह संस्थापक विशाल तलरेजा ने ड्रीम ए ड्रीम के 20 पूर्व छात्रों की प्रेरक कहानियों और प्रतिकूल परिस्थितियों से सफल होने तक की उनकी यात्रा पर प्रकाश डाला। इंटरैक्टिव पुस्तक पढ़ने का यह कार्यक्रम छात्रों तथा फैकल्टी सदस्यों के लिए संस्थान परिसर में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए डॉ चुंग ने कहा कि इस पुस्तक के माध्यम से मेरा उद्देश्य उन लोगों की आवाज को उठाना था। जिन्होंने चुनौतियों पर विजय प्राप्त की है। यह पुस्तक न केवल बदलाव की कहानियां बयां करती है। बल्कि यह भी दिखाती है कि समाज का उचित समर्थन कैसे युवा करे। एक्सआईएसएसए रांची के निदेशक डॉ जोसफ मारियानुस कुजूर ने बताया कि एक सक्षम वातावरण समाज के प्रतिकूल पृष्ठभूमि से आने वाले युवाओं को आगे बढ़ने और सफल होने के लिए प्रेरित करती है। हमें झारखंड में फल फुल रहे युवाओं की शक्तिशाली कहानियों की भी पहचान करनी चाहिए। ताकि ये कहानियां अन्य युवाओं को प्रेरित और उत्साहित कर सके। कार्यक्रम में यूनिसेफ झारखंड के शिक्षा विशेषज्ञ सुश्री पारुल शर्मा ने कहा कि युवा लोगों के साथ जुड़ने के साथ खुले और ईमानदार संवाद करने की आवश्यकता है। झारखंड में कई युवा लिंग और सामाजिक श्रेणियों से संबंधित रूढ़िवादिता को त्याग रहे हैं।

**PRESS : RASHTRIYA NAVEEN MAIL**

# एक्सआईएसएस में बुक रीडिंग कार्यक्रम आयोजित

**रांची :** जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस), रांची और बेंगलुरु स्थित संस्थान, ड्रीम ए ड्रीम ने मिलकर व्हेन वी थ्राइव,अवर वर्ल्ड थ्राइव्स के लेखक डॉ कोनी के चुंग के साथ एक इंटरएक्टिव बुक




रीडिंग और पैनल चर्चा का आयोजन किया। विशाल तलरेजा, जो इस पुस्तक के सह लेखक एवं ड्रीम ए ड्रीम के सह-संस्थापक भी हैं, ने ड्रीम ए ड्रीम के 20 पूर्व छात्रों की प्रेरक कहानियों और प्रतिकूल परिस्थितियों से सफल होने तक की उनकी यात्रा पर प्रकाश डाला। इंटरैक्टिव पुस्तक पढ़ने का यह कार्यक्रम, छात्रों तथा फैक्लटी सदस्यों के लिए संस्थान परिसर में आयोजित किया गया था। डॉ चुंग ने कहा,इस पुस्तक के माध्यम से,मेरा उद्देश्य उन लोगों की आवाज उठाना था जिन्होंने चुनौतियों पर विजय प्राप्त की है। एक्सआईएसएस निदेशक डॉ जोसफ मारियानुस कुजूर एस जेने बताया, एक सक्षम वातावरण समाज के प्रतिकूल पृष्ठभूमि से आने वाले युवाओं को आगे बढ़ने और सफल होने के लिए प्रेरित करती है। हमें झारखंड में फल फूल रहे युवाओं की शक्तिशाली कहानियों की भी पहचान करनी चाहिए ताकि ये कहानियां अन्य युवाओं को प्रेरित और उत्साहित कर सके।

**PRESS : SANMARG**

# एक्सआईएसएस में पुस्तक 'व्हेनवी थ्राइव, अवर वर्ल्ड थ्राइव्स' का बुक रीडिंग कार्यक्रम आयोजित

रांची। जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस), रांची और बंगलुरु स्थित संस्थान, ड्रीम ए ड्रीम ने मिलकर 'व्हेन वी थ्राइव,अवर वर्ल्ड थ्राइव्स' के लेखक डॉ कोनी के चुंग के साथ एक इंटरएक्टिव बुक रीडिंग और पैनल चर्चा का आयोजन किया गया। विशाल तलरेजा, जो इस पुस्तक के सह लेखक एवं ड्रीम ए ड्रीम के सह–संस्थापक भी हैं, ने ड्रीम ए ड्रीम के 20 पूर्व छात्रों की प्रेरक कहानियों और प्रतिकूल परिस्थितियों से सफल होने तक की उनकी यात्रा पर प्रकाश डाला। इंटरैक्टिव पुस्तक पढ़ने का यह कार्यक्रम, छात्रों तथा फैक्लटी सदस्यों के लिए संस्थान परिसर में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए, डॉ चुंग ने कहा, इस पुस्तक के माध्यम से मेरा उद्देश्य उन लोगों की आवाज को उठाना था जिन्होंने चुनौतियों पर विजय प्राप्त की है। यह पुस्तक न केवल बदलाव की कहानियाँ बयाँ करती है बल्कि यह भी दिखाती है कि समाज का उचित समर्थन



सभी छाया : राजकुमार

कैसे इन युवा दिमागों को फलने– फूलने और अपने समुदायों का नेतृत्व करने में मदद कर सकता है।" एक्सआईएसएस, रांची के निदेशक डॉ जोसफ मारियानुस कुजूर एसजे ने बताया कि, "एक सक्षम वातावरण समाज के प्रतिकूल पृष्ठभूमि से आने वाले युवाओं को आगे बढ़ने और सफल होने के लिए प्रेरित करती है। हमें झारखंड में फलद् फुल रहे युवाओं की शक्तिशाली कहानियों की भी पहचान करनी चाहिए ताकि ये कहानियां अन्य युवाओं को प्रेरित और उत्साहित कर सके। पारुल शर्मा, शिक्षा विशेषज्ञ–यूनिसेफ झारखंड ने कहा कि युवा लोगों के साथ जुड़ने, खुले और ईमानदार संवाद करने की आवश्यकता है। झारखंड में कई युवा, लिंग और सामाजिक श्रेणियों से संबंधित रूढ़िवादिता को त्याग रह हैं, अपने स्वयं के समर्थक के रूप में उभर रहे हैं। उन्हें अपने विचार साझा करने के लिए मंच प्रदान किये जाने की आवश्यकता है। शारिक मशहदी– एसोसिएट डायरेक्टर, ड्रीम ए ड्रीम, ने कहा कि, युवाओं को मुश्किलों से आगे बढ़ने के लिए अपनी मानसिकता विकसित करनी होगी, और इसके लिए उन्हें ऐसे वयस्क की आवश्यकता है, जो उन्हें उनके बेहतर भविष्य की ओर ले जाए। शाहिद अफरीद, जिनकी कहानी इस पुस्तक की 20 कहानियों में से एक है,ने बताया कि देखभाल और लोगों के समर्थन के साथ,उन्होंने न केवल अपने जीवन की पटकथा बदल दी, बल्कि उन्होंने अपनी पटकथा खुद लिखी। आयुषीसहाय, ब्रांडिंगऑफिसर, एक्सआईएसएस ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए उल्लेख किया कि यह कार्यक्रम अपने आप में संस्थान की ओर से एक अनूठा पहल है और भविष्य में फिर ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे।

**PRESS : AAJ**

# एक्सआईएसएस, रांचीमें पुस्तक 'व्हेनवी थ्राइव,अवर वर्ल्डथ्राइव्स' का बुक रीडिंग कार्यक्रम आयोजित

- इस पुस्तक में है प्रतिकूल परिस्थितियों में मानवीय क्षमताओं की असली परख की कई कहानियां




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस), रांची और बंगलुरु स्थित संस्थान, ड्रीम ए ड्रीम ने मिलकर ₹व्हेन वी थ्राइव,अवर वर्ल्ड थ्राइव्स₹के लेखक डॉ कोनी के चुंग के साथ एक इंटरएक्टिव बुक रीडिंग और पैनल चर्चा का आयोजन किया गया । विशाल तलरेजा, जो इस पुस्तक के सह लेखक एवं ड्रीम ए ड्रीम के सह-संस्थापक भी हैं, ने ड्रीम ए ड्रीम के 20 पूर्व छात्रों की प्रेरक कहानियों और प्रतिकूल परिस्थितियों से सफल होने तक की उनकी यात्रा पर प्रकाश डाला। इंटरैक्टिव पुस्तक पढ़ने का यह कार्यक्रम, छात्रों तथाफैक्लटी सदस्यों के लिए संस्थान परिसर में आयोजित किया गयाथा। कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए, डॉ चुंग ने कहा, इस पुस्तक के माध्यम से,मेरा उद्देश्य उन लोगों की आवाज को उठाना था जिन्होंने चुनौतियों पर विजय प्राप्त की है। यह पुस्तक न केवल बदलाव की कहानियां बयां करती है बल्कि यह भी दिखाती है कि समाज का उचित समर्थन कैसे इन युवा दिमागों को फलने- फूलने और अपने समुदायों का नेतृत्व करने में मदद कर सकता है। एक्सआईएसएस, रांची के निदेशक डॉ जोसफमारियानुस कुजूर एसजेने बताया कि, एक सक्षम वातावरण समाज के प्रतिकूल पृष्ठभूमि से आने वाले युवाओं को आगे बढ़ने और सफल होने के लिए प्रेरित करती है । हमें झारखंड में फलझ फुल रहे युवाओं की शक्तिशाली कहानियों की भी पहचान करनी चाहिए ताकि ये कहानियां अन्य युवाओं को प्रेरित और उत्साहित कर सके। सुश्री पारुल शर्मा, शिक्षा विशेषज्ञ-यूनिसेफ झारखंड ने कहा कि युवा लोगों के साथ जुड़ने, खुले और ईमानदार संवाद करने की आवश्यकता है। झारखंड में कई युवा, लिंग और सामाजिक श्रेणियों से संबंधित रूढ़िवादिता को त्याग रहे हैं, अपने स्वयं के समर्थक के रूप में उभर रहे हैं । उन्हें अपने विचार साझा करने के लिए मंच प्रदान किये जाने की आवश्यकता है। शारिकमशहदी- एसोसिएट डायरेक्टर, ड्रीम ए ड्रीम, ने कहा कि, ' युवाओं को मुश्किलों से आगे बढ़ने के लिए अपनी मानसिकता विकसित करनी होगी, और इसके लिए उन्हें ऐसे वयस्क की आवश्यकता है, जो उन्हें उनके बेहतर भविष्य की ओर ले जाए।' शाहिद अफरीद, जिनकी कहानी इस पुस्तक की 20 कहानियों में से एक है,ने बताया कि देखभाल और लोगों के समर्थन के साथ,उन्होंने न केवल अपने जीवन की पटकथा बदल दी, बल्कि उन्होंने अपनी पटकथा खुद लिखी। सुश्री आयुर्षीसहाय, ब्रांडिंगऑफिसर, एक्सआईएसएस ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए उल्लेख किया कि यह कार्यक्रम अपने आप में संस्थान की ओर से एक अनूठा पहल है और भविष्य में फिर ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे।

**PRESS : FREEDOM FIGHTER**

# XISS hosts interactive Book Reading Session

**PNS : RANCHI**




Xavier Institute of Social Service (XISS) Ranchi and Dream A Dream, a Bangalore based organisation collaboratively organized an Interactive Book Reading and Panel Discussion with Dr Connie K Chung, Author of 'When We Thrive, Our World Thrives'. The book, co-authored with Vishal Talreja, Co-founder of Dream a Dream, delved into the inspiring stories of 20 programme alumni of Dream A Dream and their journey from adversity to thriving. The interactive book reading session and interactions with faculty and students was held at XISS Auditorium on Thursday.

Addressing the gathering during the event, Author of the book, Dr Chung, said, "Through this book, my aim was to amplify the voices of those who have overcome challenges. The book not only shares stories of change but also shows how proper support from caring adults can help young minds thrive and lead their communities."

Dr Joseph Marianus Kujur SJ, Director, XISS Ranchi, during this unique book reading session said, "Creating an enabling environment and supportive ecosystem help young people coming from socially adverse backgrounds to thrive and be successful. We should also identify powerful stories of young people thriving in Jharkhand so that these stories inspire and motivate many young people."

Further, Parul Sharma, Education Specialist-UNICEF Jharkhand said that, "There is a need to connect with young people, have open and honest dialogues. Many young people in Jharkhand are shunning stereotypes related to gender and social categories, are emerging as their own advocates." Sharique Mashhadi, Associate Director, Dream a Dream highlighted that, "Thriving needs a supportive adult to guide and mentor with right information for developing their mindset to grow better in future." It is worthy to mention here that, Shahid Afrid, one amongst all these survivors and whose story is featured in this book, shared that with care and support, he not only changed the script of his life, but he wrote his own script.

**PRESS : PIONEER**

SOCIAL NEWS SEARCH







# एक्सआईएसएस  रांची में पुस्तक “व्हेन वी थ्राइव, अवर वर्ल्ड थ्राइव्स” का बुक रीडिंग कार्यक्रम आयोजित

रॉंची

December 7, 2023 Social News Search

Leave A Comment

**रांची :** ज़ेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस), रांची और बंगलुरु स्थित संस्थान, ड्रीम ए ड्रीम ने मिलकर "व्हेन वी थ्राइव, अवर वर्ल्ड थ्राइव्स" के लेखक डॉ कोनी के चुंग के साथ एक इंटरएक्टिव बुक रीडिंग और पैनल चर्चा का आयोजन किया गया. विशाल तलरेजा, जो इस पुस्तक के सह लेखक एवं ड्रीम ए ड्रीम के सह-संस्थापक भी हैं, ने ड्रीम ए ड्रीम के 20 पूर्व छात्रों की प्रेरक कहानियों और प्रतिकूल परिस्थितियों से सफल होने तक की उनकी यात्रा पर प्रकाश डाला . इंटरैक्टिव पुस्तक पढ़ने का यह कार्यक्रम, छात्रों तथा फैक्लटी सदस्यों के लिए संस्थान परिसर में आयोजित किया गया था.

# इस पुस्तक के माध्यम से उन लोगों की आवाज़ को उठाना था जिन्होंने चुनौतियों पर विजय प्राप्त की

कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए, डॉ चुंग ने कहा, "इस पुस्तक के माध्यम से, मेरा उद्देश्य उन लोगों की आवाज़ को उठाना था जिन्होंने चुनौतियों पर विजय प्राप्त की है. यह पुस्तक न केवल बदलाव की कहानियाँ बयाँ करती है बल्कि यह भी दिखाती है कि समाज का उचित समर्थन कैसे इन युवा दिमागों को फलने- फूलने और अपने समुदायों का नेतृत्व करने में मदद कर सकता है."

एक्सआईएसएस, रांची के निदेशक डॉ जोसफ मारियानुस कुजूर एसजे ने बताया कि, "एक सक्षम वातावरण समाज के प्रतिकूल पृष्ठभूमि से आने वाले युवाओं को आगे बढ़ने और सफल होने के लिए प्रेरित करती है . हमें झारखंड में फल– फुल रहे युवाओं की शक्तिशाली कहानियों की भी पहचान करनी चाहिए ताकि ये कहानियां अन्य युवाओं को प्रेरित और उत्साहित कर सके."

# युवा लोगों के साथ जुड़ने, खुले और ईमानदार संवाद करने की आवश्यकता

सुश्री पारुल शर्मा, शिक्षा विशेषज्ञ-यूनिसेफ झारखंड ने कहा कि "युवा लोगों के साथ जुड़ने, खुले और ईमानदार संवाद करने की आवश्यकता है. झारखंड में कई युवा, लिंग और सामाजिक श्रेणियों से संबंधित रूढ़िवादिता को त्याग रहे हैं, अपने स्वयं के समर्थक के रूप में उभर रहे हैं . उन्हें अपने विचार साझा करने के लिए मंच प्रदान किये जाने की आवश्यकता है."

**PRESS : SOCIAL NEWS SEARCH**